## डिवाइडर से टकराई कार, चालक घायल, यातायात बाधित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** अस्पताल मार्ग पर सोमवार की रात्रि में क़रीब साढ़े दस बजे एक कार एमपी 13 जेडयू 0203 अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई जिसमे तीन चार व्यक्ति सवार थे। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया।



जनता वर्कशॉप के सामने डिवाइडर से कार टकराने के बाद काफी देर तक यातायात बाधित रहा। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर घायल को उपचार हेतु अस्पताल पहुचाया ओर उक्त कार को सड़क से अलग कर दूसरे स्थान पर खड़ी कराया तब कहीं जाकर आवागवन सुचारू रूप से चालू हो सका।

इस दुर्घटना में चिकित्सालय की तहरीर के अनुसार के आकाश श्रीवास पिता मुकेश श्रीवास उम्र 18 वर्ष निवासी आमगांव के सिर में चोट लगी है, जिसका शासकीय चिकित्सालय में उपचार किया गया।

## राखड़ से भरा बेकाबू ट्रक पलटा, दो घायल

**गाडरवारा, देशबन्धु।** भारी वाहनों पर अंकुश न लगने से आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। दो दिन पहले ही फ्लाई एस राखड़ से भरे एक ट्रक ने एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया था और एक व्यक्ति घायल हो गया था। बेलगाम तेज रफ्तार से दौड़ रहे यमराज रूपी भारी वाहन किसी न किसी की जान ले रहे है और प्रशासन इन पर लगाम नहीं लगा पा रहा है।

मंगलवार को दोपहर करीब 12.15 बजे रॉयल पैलेस के नजदीक बायपास मार्ग पर एक भारी वाहन ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे ट्रक ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गया एवं एक मोटर साइकिल चालक जो ट्रक के पीछे चल रहा था, अचानक ट्रक पलटता देख वह मोटर साइकिल सहित खेत मे जा घुसा ओर वह भी घायल हो गया।



इस सड़क दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर कमल यादव पिता विजय यादव उम्र 20 वर्ष निवासी हमीरपुर उत्तर प्रदेश व मोटर साइकिल चालक शहजाद अली पिता मीजान अली उम्र 35 वर्ष घायल हो गए मौके पर पुलिस ने पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय पहुचाया जहां पर घायलों का उपचार चल रहा है।

बताया जाता है कि फ्लाई एस राखड़ से भरा हुआ ट्रक एनटीपीसी से आ रहा था।

## सिविल अस्पताल ने राष्ट्रीय स्तर पर किया क्वालीफाई




**गाडरवारा, देशबन्धु।** डिलीवरी रूम व मेटरनिटी सुविधाओं में बेहतर कार्य के लिए सीएचसी सिविल हॉस्पिटल गाडरवारा ने राष्ट्रीय स्तर पर अधिकतम अंकों से क्वालीफाई किया है।

नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसर्च सेंटर एनएचएसआरसी द्वारा राष्ट्रीय लक्ष्य कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की राष्ट्रीय गुणवत्ता के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल गाडरवारा को उक्त बेहतर प्रदर्शन के लिए क्वालीफाई किया है।

कम स्टाफ और काम की अधिकता के बाद भी सिविल हॉस्पिटल के चिकित्सकगण और पैरामेडिकल स्टाफ की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के विधायक और मध्य प्रदेश के शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सभी को बधाई दी है।

ज्ञातव्य है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सिविल हॉस्पिटल निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हॉस्पिटल के उन्नयन के लिए लगातार सर्वोचित प्रयास किये जा रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों को स्वास्थ्य की बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके, निरंतर यह प्रयास जारी है।

## सार-समाचार

### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई का कक्षा 12 वीं एवं कक्षा 10 वीं सत्र 2024– 25 का परीक्षा परिणाम मंगलवार 13 मई को घोषित किया गया। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर का कक्षा 12 वीं एवं कक्षा 10 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत कु. स्वाति पटेल ने विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान अर्जित कर 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित किये। इसी तरह मास्टर रूद्र वेदी ने 90.40 प्रतिशत द्वितीय और कु. रागिनी मेहरा ने 88.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में कु. संचिता चक्रवर्ती ने 92.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, कु. सुमेधा वर्मा ने 86.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और मास्टर ईशान शर्मा ने 80.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 10 वीं में कु. प्रियांशी सेन ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, मास्टर देवांश शर्मा ने 92.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और मास्टर वंश पटवा ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। सभी विद्यालयों की इस सफलता पर प्राचार्य सुश्री अर्चना गोविल और सभी स्टाफ ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मामा के यहां शादी में आए भांजे का ऑटो रिक्शा चोरी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस स्थानीय नमामि पैलेस में हथवास से मामा धनीराम पचौरी के यहां लड़की की शादी समारोह में भाग लेने आए राजीव पारासर का ऑटो रिक्शा चोरी हो गया। बताया जाता है कि गत रविवार की शाम 5 बजे ऑटो मलिक ने अपना ऑटो नमामि पैलेस में खड़ा किया था जब सोमवार की सुबह देखा तो उनका ऑटो वहां नहीं मिला। ऑटो का रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी 05 आर 3608 है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 दो की चाहत कायम कर विवेचना में लिया है।

### जिला दंडाधिकारी ने जिला अधिकारियों को सौंपे विभिन्न दायित्व

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत आपदा के दौरान एवं उपरांत सम्पादित होने वाली समस्त गतिविधियों को सुचारु रुप से संचालन करने के लिए जिला दण्डाधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के अधिकारियों को नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर विभिन्न दायित्व सौंपें हैं। सभी नोडल व सहायक नोडल अधिकारी सौंपे गये दायित्वों के अलावा समय– समय पर सौंपे गये सभी कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। जिला दण्डाधिकारी ने समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सौंपे गये दायित्वों की तैयारी कर जानकारी व प्रतिवेदन राहत शाखा में उपलब्ध करायेंगे। आपातकालीन की स्थिति में समस्त नोडल अधिकारी जिला नियंत्रण कक्ष से सतत सम्पर्क में रहते हुए तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

### श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं रूद्री निर्माण शिव अभिषेक का आयोजन 13 मई से 19 मई तक रिपटापार उद्योग नगरी के पास, बरगी ओवर ब्रिज के नीचे कंदेली,नरसिंहपुर किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास अष्टादस पुराण प्रवक्ता वाचस्पति श्री अभिषेक दीक्षित श्याम नंदन जी महाराज श्रीधाम वृंदावन वालों के द्वारा कथा का वाचन किया जायेगा। 13 मई को कलश यात्रा कथा पंडाल से शाम 4 बजे से प्रारंभ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## नहीं बनने दिया जा रहा गरीब विधवा महिला का प्रधानमंत्री आवास

**गाडरवारा, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण में बाधा डालने के संदर्भ में विधवा गरीब महिला ने आवेदन दिया गया। जिसमे प्रार्थी हल्की बाई अहिरवार पिता कोमल अहिरवार, ग्राम टुईयापानी ने उल्लेख किया है कि वह मजदूरी करती है। उसके नाम से ग्राम दुईयापानी में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास स्वीकृत हुआ हैं जिसमें प्रथम किस्त उसके बैंक खाते में प्राप्त हो गई हैं। तथा वह ग्राम टुईयापानी में लगभग 22 वर्षों से कच्ची टपरिया बनाकर निवास करती आ रही है तथा इसी जगह पर उक्त प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कर रही है जिसके पिंलर तक का निर्माण कार्य हो गया हैं लेकिन इस बीच ग्राम पंचायत सरपंच के पति द्वारा ग्राम अनघौरी द्वारा मुझे उक्त आवास निर्माण करने का मना कर दिया गया तथा बोला गया कि यहॉ तुम मकान नही बना सकते हो। किसी दूसरे जगह निर्माण करने का बोला गया। वह जगह डूब क्षेत्र में आती हैं इसलिये उस जगह पर आवास निर्माण करना संभव नही हैं।

महिला का कहना है कि तलाकशुदा है तथा उसका एक छोटा पुत्र हैं जो कि बीमार रहता हैं तथा रहने के लिये पक्का मकान नही हैं। इसलिये मेरे द्वारा आवास निर्माण कार्य किया जा रहा हैं तो सरपंच पति के द्वारा पुलिस थाना सांईखेडा से पुलिस भी भिजवाई जिसको देखकर मैं डरकर पुलिस के सामने नही गई तथा सरपंच पति व उनके आदमियों द्वारा मुझे डराकर धमकी दी जा रही हैं यहॉ तुम्हे आवास नही बनाने देगे।

यदि बनाया तो हम तुमको गांव से बाहर कर देंगे। कोई भी झूठा प्रकरण बनवाकर तुम्हे जेल में डलवा देगे। गरीब बेसहारा महिला ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि वह कहीं आने–जाने में असमर्थ है इसलिये ऐसी स्थिति में सरपंच पति द्वारा मुझे बिना किसी कारण के अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा हैं जिससे मैं मानसिक रूप से प्रताडित हूँ। संबंधितों के विरूद्ध उचित दंडात्मक कार्यवाही करते हुये मेरा आवास निर्माण पूर्ण कराये जाने की अनुमति एवं भविष्य में सरपंच पति व उसके आदमियों एवं पुलिस द्वारा तंग परेशान न किये जाने की समझाईश दिये जाने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि उप पुलिस अधीक्षक गाडरवारा, नायब तहसीलदार सांईखेडा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सांईखेडा को भी प्रेषित की है।

## नन्हें कलाकारों ने संगीत के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्री राधारमण संगीत क्लासेस सालीचौका के नन्हे कलाकारों ने नाट्य एवं गीत– संगीत के माध्यम से जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। उन्होंने पानी ने बहाओ... पानी ने बहाओ... बरना बहुत पछेहो... गीत के माध्यम से सुंदर गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने नाटक के माध्यम से जल बचाने और जल का दुरूपयोग रोकने का संदेश दिया।




इस दौरान जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। यह कार्यक्रम मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया के माध्यम से किया गया। एनसीआई हाई स्कूल बसुरिया के प्राचार्य धनराज विश्वकर्मा ने कहा कि जल संवर्धन एवं संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में जल को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता। आने वाली पीढ़ी के लिए हम सभी को मिलकर जल का सदुपयोग करने और जल का दुरूपयोग रोकना चाहिये। संगीत क्लासेस संचालक शिक्षक सूरज श्रीवास ने मप्र शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए जन– जन को आगे आने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर हरदौल जन सेवा समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, गरिमा मनु विश्वकर्मा, सौम्या तिवारी, कुसुम वर्मा, तेजस्व सोनी, आदित्य राजपुरोहित, समर्थ तिवारी, शुभ कहार, शोर्य पाटकार, अनमोल पटवा व ईशान वर्मा मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में दी गई जानकारी




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा गरीबी उन्मूलन योजना एवं संचालित विभिन्न योजनाओ व कार्यक्रम संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सेन्ट आरसेटी की निर्देशक श्रीमती अनामिका मल्ल, संकाय सदस्य आशीष नामदेव, श्रीमती शिखा कुशवाहा, पीएलव्ही मुकेश चौरसिया सहित महिला प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रही। साथ ही समृद्ध बालिका गृह नरसिंहपुर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश मीणा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा नालसा (बच्चो को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा) योजना अंतर्गत उपस्थित बच्चो को विधिक विषयो पर कानूनी जानकारी प्रदान की। साथ ही बच्चो को सामाजिक सरोकारो में सावधानी बरतने की सलाह दी जिससे कि अपराधो से स्वयं को बचाया जा सके।

### जनसुनवाई में आये 74 आवेदन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 13 मई को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 74 आवेदन आये।

## सांदीपनि विद्यालय में समर कैम्प का समापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सांदीपनि विद्यालय में 13 दिवसीय समर कैम्प का समापन हुआ। इस कैम्प में प्रतिदिन 5 गतिविधियाँ आयोजित की जा रही थी। जिसमें खेल गतिविधि, नृत्य, क्षेत्रीय, संगीत एंव बाद्ययंत्र वादन, पब्लिक स्पीकिंग, स्टार्टअप एंव वित्तीय साक्षरता, आर्ट एंव क्रॉफ्ट में लगभग 100 से ज्यादा छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की।




टी शर्ट और कैप पाकर बच्चों के चेहरे खिले

संस्था प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने अभिनव प्रयोग करते हुए सहभागिता करने वाले छात्र–छात्राओं को कैप एंव टी–शर्ट वितरित किए। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर डॉ. एस.के. पाल एवं संस्था प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती का पूजन अर्चन किया उसके पश्चात् आर्ट एंड क्रॉफ्ट की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों की सराहना की। मंचीय कार्यक्रम में 13 दिवसीय समर कैम्प का प्रतिवेदन छात्रा आस्था पटवा ने प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय संगीत और वाद्ययंत्र विद्यालय की छात्राओं द्वारा बधाई गीत, शिवतांडव की सराहनीय प्रस्तुती की गई। पब्लिक स्पीकिंग के अंतर्गत छात्रा कु. नीना जैन ने अपने अनुभव प्रस्तुत किए। प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा द्वारा समर कैम्प की रूप रेखा उसका कियान्वयन और भविष्य में इसकी लगातार तैयारी करते रहने का संदेश छात्राओं को दिया। मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. पाल जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि समर कैम्प के समापन अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा आर्ट एंड क्रॉफ्ट नृत्य, गीत, संगीत, पब्लिक स्पीकिंग, स्टार्टअप एंड वित्तीय साक्षरता पर इतनी सुंदर प्रस्तुती की जा सकती है यह मुझे कल्पना में भी नही आया था। यहाँ जिस तरह से छात्र–छात्राओं ने पूरी लगन और दक्षता से प्रस्तुती दी हैं उसके लिए इस संस्था कि निष्ठावान और समर्पित शिक्षक–शिक्षिकाओं को मैं बधाई और शुभकामना प्रेषित करता हूँ कि इन्होनें बच्चों में आत्मनिर्भरता का भाव विकसित करने के लिए स्टार्टअप जैसे कार्यक्रमों का शुभांरभ किया है। जिन्हें बिरले छात्र–छात्राएं जो एम.बी.ए. कर पाते है, वे ही सीखते है। कार्यकम के अंत में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। कार्यकम का कुशल संचालन विद्यालय की छात्राओं कु. साक्षी एंव कु. अक्षरा द्वारा किया गया।

आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुशील दीक्षित द्वारा किया गया। 13 दिवसीय समर कैम्प को सफल बनाने में शिक्षक प्रभात सिंह राजपूत, मनोज वैष्णव, अभिनव लखेरा, देवेश वैध, विनोद बमनेले, महेन्द्र सिंह लोधी, सोमनाथ घोषी, लक्ष्मण डेहरिया, श्रीमती मीनाक्षी नेमा, श्रीमती सीमा चौकसे, सुश्री परिधि स्वामी, मयंक श्रीवास्तव, अनुभव कौरव, सुश्री श्रुति पटवा, श्रीमती रामेश्वरी वर्मा ने विशेष योगदान दिया।

## दुष्कर्म का फरार इनामी आरोपी छिंदवाड़ा में गिरफ्तार

**बटियागढ़, देशबन्धु।** थाना बटियागढ़ मे दिनांक 09.02.2025 को धारा 376 (64) भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। जो आरोपी घटना करके फरार हो गया था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयास किए गए परंतु आरोपी दस्तयाब नहीं हो पा रहा था। जो आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा 3500/– रुपए के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। दौरान पतारसी साइवर पुलिस से सूचना प्राप्त हुई की आरोपी बटियागढ़ थाना क्षेत्र के गांव शहजादपुरा में है। जो आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पथरिया रघु केसरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। साइबर सेल दमोह की सहायता से टीम द्वारा दिनाक़ 11.05.2025 को शहजादपुरा से आरोपी रितिक उर्फ मयूर पिता राजेश करोसिया को गिरफ्तार किया। जाकर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।



इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी, उप निरी. शेषकुमार दुबे, रीडर बीरेंद्र श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक तुलसी राम पटेल, नीरज रावत, आरक्षक पवन तिवारी, अक्षय मिश्रा, अरुण साहू, सायबर सेल प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन, राकेश अठया की मुख्य भूमिका रही।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

